हरियाणा विधान सभा

शुक्रवार, 4 मार्च, 2022

को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले

अतारांकित प्रश्न

### प्रारम्भ राज्य संस्थान के भवन का निर्माण करना

648. **श्रीमती गीता भुक्कल, एम.एल.ए.**: क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या प्रारम्भ राज्य उच्च अध्ययन शिक्षक शिक्षा संस्थान, झज्जर के भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा यदि; हां, तो उपरोक्त भवन का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

.........................................

### राज्य में स्थापित उद्योगों की कुल संख्या

699. **चौधरी अभय सिंह चौटाला, एम.एल.ए.**: क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) राज्य में वर्ष 2014 से आज तक स्थापित नए उद्योगों तथा उनमें निवेश का वर्षवार एवं जिलावार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) राज्य में बंद हुए उद्योगों की कुल संख्या कितनी है तथा वर्ष 2014 से अब तक ऊपर (क) में वर्णित उद्योगों में कुल कितने व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया गया है?

....................

## ग्रुप हाऊसिंग रेजीडेंशियल कॉलोनियों का ब्यौरा

670. **श्री वरुण चौधरी, एम.एल.ए.**: क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि उन ग्रुप हाऊसिंग रेजीडेंशियल कॉलोनियों का (क्षेत्र सहित) विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र वार ब्यौरा क्या है जिनको गत पांच वर्षों के दौरान लाईसेंस प्रदान किया गया है?

..................................................

## पश्चिमी यमुना नहर में छोड़े जाने वाले सीवरेज पानी का ब्यौरा

760. **श्री बिशन लाल सैनी, एम.एल.ए.**: क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि यमुना नगर शहर के सीवरेज का पानी भारी मात्रा में हमीदा हेड के पास पश्चिमी यमुना नहर में छोड़ा जा रहा है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

..................................................

## यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय में कक्षाएं आरम्भ करना

706. **श्री आफताब अहमद, एम.एल.ए.**: क्या आयुष मंत्री कृपया बताएंगे कि यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय, अकेरा (नूंह) में कक्षाएं कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

..................................................

## एन.डी.सी. पोर्टल अपटेड करना

690. **श्री घनश्याम दास अरोड़ा, एम.एल.ए.**: क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2017 में स्वीकृत क्षेत्र में निर्मित किए गए मकान एन.डी.सी. पोर्टल पर अनुमोदित किए गए दर्शाए गए हैं परन्तु वहां खाली प्लॉट अस्वीकृत दर्शाए गए हैं जबकि यमुनानगर, नगर निगम में खसरा न. स्वीकृत है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त अस्वीकृत प्लॉटों को स्वीकृत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उनका ब्यौरा क्या है तथा उक्त पोर्टल को कब तक अपडेट किए जाने को संभावना है?

........................

## 132 के० वी० का नया बिजली घर स्थापित करना

681. **श्री सीताराम यादव, एम.एल.ए.**: क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या कनीना शहर के बाहर एक नया 132 के० वी० बिजली घर स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त बिजली घर के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

..................................................

## चारमार्गी सड़क का निर्माण करना

625. **डा० कृष्ण लाल मिढ़ा, एम.एल.ए.** :—क्या उप—मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या तितरम मोड़ से हांसी वाया नगुरां—जींद सड़क को चारमार्गी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

..................................

## गांवों को महाग्राम का दर्जा दिलाना

619. **श्री इंदुराज नरवाल, एम.एल.ए.**: क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि :—

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में दस हजार की आबादी वाले गांवों को महाग्राम का दर्जा देने की घोषणा माननीय उप—मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या दस हजार की आबादी वाले गांवों जैसे कथुरा, बुटाना, बरोदा, गंगाना, जागसी, शामड़ी तथा मुंडलाना को महाग्राम का दर्जा देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है?

.................

## सी.एम. विण्डों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की संख्या

**751. श्री जगबीर सिंह मलिक, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) जनवरी, 2019 से जनवरी, 2022 तक सी.एम. विण्डों के माध्यम से सरकार द्वारा प्राप्त शिकायतों की विभागवार संख्या कितनी है तथा उनका रूप क्या है; तथा

(ख) उपरोक्त शिकायतों पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई ?

.................

## शिक्षा विभाग में पदों का ब्यौरा

**711. श्री बलराज कुंडू, एम.एल.एः** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) राज्य में प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों की कुल संख्या कितनी है तथा राज्य में जे.बी.टी., टी.जी.टी. तथा पी.जी.टी. अध्यापक के स्वीकृत पदों की कुल संख्या कितनी है तथा कितने पद रिक्त पड़े है; तथा

(ख) राज्य में शिक्षा विभाग में (गैर शिक्षण अमला) चौकीदार, माली, सफाई कर्मियों के स्वीकृत पदों की कुल संख्या तथा रिक्त पदों की संख्या कितनी है; तथा

(ग) उपरोक्त स्वीकृत रिक्त पदों तथा खाली पडे पदों को भरने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

.................

## एक पैरा मेडिकल कालेज खोलना

659. **श्री सुभाष गांगोली, एम.एल.ए.**: क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक पैरा मेडिकल कालेज खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त कालेज कब तक खोले जाने की संभावना है ?

..................................................

## मादक पदार्थों की तस्करी तथा अपराध से निपटने के लिए विशेष कार्यबल

634. **श्री कुलदीप वत्स, एम.एल.ए.**:– क्या गृहमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि बादली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में साथ ही साथ पूरे राज्य में अपराध तथा मादक पदार्थों की तस्करी प्रतिदिन बढ़ती जा रही है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या राज्य में बढ़ते अपराध और नशीले पदार्थों के खतरे से निपटने के लिए विशेष कार्यबल के गठन करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

..............................

## खोरी गांव में गिराये गए घरों की संख्या

**727. श्री नीरज शर्मा, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के तहत फरीदाबाद के गांव खोरी में गरीबों के घर गिराये गये हैं; यदि हां, तो गिराये गये घरों की संख्या कितनी है तथा पुर्नवासित परिवारों की कुल संख्या कितनी है; तथा

(ख) गांव खोरी में उपरोक्त घरों के निर्माण के समय पर नियुक्त किये गए पुलिस, बिजली विभाग, नगर पालिका तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के विरूद्ध सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या हैं?

...........................

## ग्रीन बेल्ट विकसित करना

**652. श्री घनश्याम सर्राफ, एम.एल.ए.:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या भिवानी में बसिया भवन से एम. एल. शर्मा अस्पताल तक ग्रीन बेल्ट विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक विकसित किए जाने की संभावना है?

.......................................

## रोजगार विभाग के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करवाना

667. **श्री सुरेन्द्र पवांर, एम.एल.ए.:** क्या श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि सोनीपत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में वर्ष 2019 से अब तक निजी क्षेत्र में रोजगार विभाग द्वारा कितने युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

..................................................

## बस सेवा बढ़ाना

641. **श्री प्रदीप चौधरी, एम.एल.ए.:** क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि रायपुर रानी से अम्बाला कैंट तक हरियाणा रोडवेज की 5–6 बसें पहले चल रही थी परन्तु अब केवल 2–3 बसें चल रही हैं; यदि हां, तो क्या उक्त रूट पर हरियाणा रोडवेज की बस सेवा बढाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

........................................

## सड़क की चौड़ाई का ब्यौरा

741. **श्री भारत भूषण बतरा, एम.एल.ए.**: क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) पंजाब अनुसूचित सड़क तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन विधेयक, 1962 के अनुसार मेला ग्राउंड चौक से रोहतक–गोहाना रोड़ तक सड़क तथा ग्रीन बेल्ट की चौड़ाई क्या है; तथा

(ख) क्या सरकार द्वारा उपरोक्त सड़क के दाईं ओर पर स्थित शनि मन्दिर का स्थल नक्शा स्वीकृत किया गया है; यदि नहीं, तो उक्त संरचना/निर्माण को हटाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई ?

..................................................

## नदी तटों को मजबूत तथा ऊंचा करना

688. **श्रीमती रेनु बाला, एम.एल.ए.**: क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सढौरा कस्बे के पास से बहने वाली बरसाती नदी के तटों को मजबूत करने तथा ऊंचा उठाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

...........................

## हरियाणा कोरोना राहत कोष के अंतर्गत कुल प्राप्त राशि

**700. चौधरी अभय सिंह चौटाला, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) राज्य में कोरोना महामारी के दौरान हरियाणा कोरोना राहत कोष के अंतर्गत अब तक प्राप्त कुल राशि कितनी है; तथा

(ख) उक्त राहत कोष से प्रदान की जाने वाली राशि का संस्था–वार, शीर्ष–वार तथा योजना–वार ब्यौरा अब तक क्या है?

..........................

## निम्न क्षमता/उच्च क्षमता की लाइनों का स्थानांतरण

**671. श्री वरूण चौधरी, एम.एल.ए.:** क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में उन स्थानों का ब्यौरा क्या हैं जहां विगत 2 वर्षों के दौरान घनी आबादी वाले क्षेत्रों तथा सार्वजनिक स्थानों से गुजर रही निम्न क्षमता/उच्च क्षमता की बिजली की तारों को स्थानांतरित किया गया है तथा उसके खर्च का ब्यौरा क्या है?

..........................

## अतिभारित ट्रकों का आवागमन रोकना

761. **श्री बिशन लाल सैनी, एम.एल.ए.**: क्या खनन एवं भू–विज्ञान मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि रादौर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सभी गांवों से खनन रेत के अतिभारित ट्रक गुजरते हैं तथा रेत से टपकने वाला पानी सड़कों को नुकसान पहुंचाता है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या रादौर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में उक्त ट्रकों के आवागमन पर रोक लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

..................................................

## मेवात मॉडल स्कूल में कक्षाएं आरम्भ करना

707. **श्री आफताब अहमद, एम.एल.ए.**: क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) नव निर्मित मेवात मॉडल स्कूल, चिलावाली, नूंह में कक्षाएं कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है; तथा

(ख) उन पदों के नाम क्या हैं तथा संख्या कितनी हैं जिन पर उक्त स्कूल में सरकार द्वारा स्टाफ नियुक्त किया गया हैं तथा उसका ब्यौरा क्या हैं?

..................................................

## संपति कर का सर्वेक्षण

691. **श्री घनश्याम दास अरोड़ा, एम.एल.ए.**: क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2018 के दौरान नगर निगम, यमुना नगर में याची कम्पनी द्वारा संपत्ति कर का किया गया सर्वेक्षण बहुत गलत है; तथा

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई ?

..................................................

## वैक्यूम सर्किट ब्रेकरों को बदलना

682. **श्री सीता राम यादव, एम.एल.ए.**: क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 132 के० वी० बिजली घरों में वैक्यूम सर्किट ब्रेकर विफल हो गए हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त बिजली घरों में वैक्यूम सर्किट ब्रेकर बदलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इनके कब तक बदले जाने की संभावना है?

..................................................

## ट्रॉमा सेन्टर खोलना

626. **डा० कृष्ण लाल मिढा, एम. एल.ए.:–** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या जींद शहर में एक ट्रॉमा सेन्टर खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है?

............................

## आई.एम.टी. खोलना

620. **श्री इंदुराज नरवाल, एम.एल.ए.:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि बरोदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में उप–चुनाव के दौरान बरोदा निर्वाचनक्षेत्र में आई.एम.टी. खोलने की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी; तथा

(ख) यदि हां, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त आई.एम.टी. के कब तक खोल दिए जाने की संभावना है?

..................

## बस मार्गों का ब्यौरा

752. **श्री जगबीर सिंह मलिक, एम.एल.ए.:** क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि वर्तमान में विभिन्न स्थानों से भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय तथा भगत फूल सिंह महिला चिकित्सा महाविद्यालय से चलने वाली बसों की संख्या तथा मार्गों का ब्यौरा क्या है तथा उसका कोविड से पहले का ब्यौरा क्या है ?

...........................

## बढ़ रहे अपराध के मामलें रोकना

**738. श्री बलराज कुण्डू एम.एल.ए.:** क्या गृहमंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) महम कस्बे में लगातार बढ़ रहे लूट, मर्डर, फिरौती तथा डकैती के मामलों के क्या कारण हैं तथा उक्त मामलों का पता न लगाए जाने के क्या कारण हैं;

(ख) महम में बढ़ रहे अपराध को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए; तथा

(ग) महम में अपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए अब तक महम में सरकार द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की कुल संख्या कितनी है?

..........................

## सड़क की मरम्मत करना/पुनः निर्मित करना

660. **श्री सुभाष गांगोली, एम.एल.ए.**: क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि सफीदों विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव खरक गागर से कलवा तक सड़क की मरम्मत/पुनः निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त सड़क के कब तक मरम्मत/पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है?

..................................................

## राज्य के युवाओं के लिए रोजगार

635. **श्री कुलदीप वत्स, एम.एल.ए.**:– क्या श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए 75 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के सरकार के कानून पर माननीय उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है; तथा

(ख) यदि हां, तो राज्य में युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जाने की संभावना हैं?

....................................

## अवैध निर्माणों को हटाना

728. **श्री नीरज शर्मा, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) दिल्ली—मुम्बई—वडोदरा एक्सप्रेस—वे का वर्तमान नक्शा क्या है जिसके फरीदाबाद बाई—पास से गुजरने की संभावना है तथा वर्तमान नक्शे से पहले प्रस्तावित नक्शा क्या था; तथा

(ख) हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, फरीदाबाद तथा सिंचाई विभाग की भूमि पर सैक्टर 13—14 विभाजित सड़क (बी.पी.टी.पी. के चौंक) से सैक्टर 8—9 विभाजक सड़क पर अवैध निर्माणों को हटाने की वर्तमान स्थिति क्या हैं तथा इन अवैध निर्माणों को कब तक हटाये जाने की संभावना है?

.....................................

## सड़क का निर्माण करना

653. **श्री घनश्याम सर्राफ, एम.एल.ए.:** क्या उप—मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या भिवानी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में टिगड़ाना मोड़ से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भारत बाईपास तक गांव निनान में गांव कालूवास के पास एक सड़क का निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

.........................................

## सड़क की नई लाइटें लगाना

668. **श्री सुरेन्द्र पवांर, एम.एल.ए.:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि सोनीपत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सड़क पर नई लाइटें लगाने के लिए किसी एजेन्सी को नगर निगम द्वारा कार्य आदेश दिया गया है; तथा

(ख) यदि हां, तो नई सड़क लाइटें लगाने का कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?

..................................................

## राशन कार्ड सेवाओं को पुनः आरम्भ करना

642. **श्री प्रदीप चौधरी, एम.एल.ए.:**
**श्री सुरेन्द्र पंवार, एम.एल.ए.:**
**श्री प्रमोद कुमार विज, एम.एल.ए.:**– क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की वेबसाइट पर राशन कार्ड सेवाएं फरवरी, 2021 से बन्द पड़ी हैं; यदि हां, तो इनके कब तक पुनः आरम्भ किए जाने की संभावना है?

........................................

## खान आबंटन का ब्यौरा

**746. श्री भारत भूषण बतरा, एम.एल.ए.:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) 03.01.2014 को मैसर्स सुंदर मार्केटिंग एसोसिऐट तथा कर्मजीत सिंह एंड कम्पनी लिमिटेड को डाडम खान के आबंटन के संबंध में सेवा तथा शर्तों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह तथ्य है कि सुंदर मार्केटिंग एसोसियेट ने 14.05.2015 को हरियाणा के मुख्यमंत्री को सुंदर मार्केटिंग एसोसिऐट को हस्तांतरित किये गए के.जे.एस.एल. को 51 शेयर हस्तांतरित करने के लिये स्वीकृति देने के लिए अनुरोध किया है; यदि हां, तो आवेदन तथा की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) क्या यह तथ्य है कि खनन आबंटन के समय ऑलाटी द्वारा 11.08.2017 को 28.75 करोड़ रूपये जमा कराई गई जमानत राशि को जब्त करने का माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आदेश पारित किया गया है; यदि हां, तो सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई?

..................................................

## मनरेगा योजना के अंतर्गत रोजगारों की कुल संख्या

**701 चौधरी अभय सिंह चौटाला, एम.एल.ए.:–** क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में उन लोगों की जिलावार संख्या कितनी है जिन्होंने ने वर्ष 2021–2022 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत राज्य में रोजगार की मांग की तथा उन व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है जिन्हें रोजगार प्रदान किया गया तथा उपरोक्त व्यक्तियों को कुल कितने दिन का रोजगार दिया गया?

.........................................

## मुख्यमंत्री अन्तोदय परिवार उत्थान योजना के अन्तर्गत ऋण मेलों की संख्या

**672. श्री वरुण चौधरी, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) सरकार द्वारा आयोजित ऋण मेलों की संख्या कितनी है तथा राज्य में योजना के आरम्भ से अब तक तथा मुख्यमंत्री अन्तोदय परिवार उत्थान योजना के तहत इस पर किया गया व्यय कितना है;

(ख) उन व्यक्तियों की जिलावार संख्या कितनी है जिन्होंने ऋण के लिए आवेदन किया तथा उन व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिनका ऋण अब तक स्वीकृत हुआ है; तथा

(ग) इसके आरम्भ से राज्य के भीतर तथा बाहर योजना के विज्ञापन पर कितनी राशि खर्च हुई?

...................................................

## केन्द्रीय विद्यालय का निर्माण करना

708. **श्री आफताब अहमद, एम.एल.ए.**: क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) जिला मेवात, नूंह के गांव सालाहेड़ी में प्रस्तावित केन्द्रीय विद्यालय के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ख) उक्त विद्यालय का निर्माण कब तक किये जाने की संभावना है?

..................................................

## नए आयुषमान कार्ड बनाना

692. **श्री घनश्याम दास अरोड़ा, एम.एल.ए.**: क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2011 के सर्वे के अनुसार सरकार द्वारा आयुषमान कार्ड बनाए गए थे; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या राज्य में परिवार पहचान पत्र बनाने के पश्चात नए आयुषमान कार्ड बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

..................................................

चण्डीगढ़:
26 फरवरी, 2022.

राजेन्द्र कुमार नांदल
सचिव,
हरियाणा विधान सभा।